**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 27.07.2025 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – शुभांशु शुक्ला और चंद्रयान मिशन के बाद देश में बना विज्ञान का माहौल।**
2. **प्रधानमंत्री ने गुमला स्थित बसिया का किया जिक्र, कहा– कभी माओवादी हिंसा के लिए सुर्खियों में रहने वाले इलाके में अब हुई है मतस्य क्रांति की शुरुआत।**
3. **केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को जान से मारने की धमकी मिलने के बाद पुलिस की जांच तेज, आज दोपहर नयी दिल्ली से रांची आएंगे मंत्री, ईचागढ़ के कार्यक्रम में होंगे शामिल।**
4. **सावन की तीसरी सोमवारी कल, देवघर के बाबा मंदिर में जलाभिषेक के लिए चार लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान, जिला प्रशासन का सुरक्षा और सुविधा पर जोर।**
5. **झारखण्ड की सीनियर महिला क्रिकेट टीम ने पुडुचेरी में खेले जा रहे इंटर स्टेट टी–20 टूर्नामेंट में दोनों मुकाबले जीते, हिमाचल प्रदेश और पुडुचेरी को हराया ।**

***************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 21वीं सदी के भारत में विज्ञान नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में, उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष से शुभांशु शुक्ला की सुरक्षित वापसी से देश गर्व से भर गया। श्री मोदी ने कहा कि अगस्त–2023 में चंद्रयान–3 की सफल लैंडिंग से देश में एक नया माहौल बना, और बच्चों में विज्ञान और अंतरिक्ष विज्ञानी बनने की जिज्ञासा जगी थी। प्रधानमंत्री ने बताया कि अगले महीने मुंबई में, खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी ओलिंपियाड का आयोजन होगा।

***************************

प्रधानमंत्री ने कहा कि अगस्त का महीना क्रांति का महीना है। उन्होंने 18 वर्ष के क्रांतिकारी खुदीराम बोस के साहस की प्रशंसा की जो 11 अगस्त,1908 को हंसते–हंसते फांसी के फंदे पर झूल गए।

श्री मोदी ने झारखण्ड के गुमला स्थित बसिया के रहने वाले ओमप्रकाश साहू की भी चर्चा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि बसिया कभी माओवादी हिंसा के लिए जाना जाता था, लेकिन आज इस इलाके में एक नयी क्रांति आई है।

इधर, मन की बात में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब बसिया का जिक्र किया तो यहां के मतस्य पालकों में नयी उत्साह का संचार हुआ है। मतस्य पालन कर रहे एक व्यक्ति ज्योति लकड़ा ने अपने संघर्षों और आज की सफलता के बारे में बताया।

***************************

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री और रांची से सांसद संजय सेठ को जान से मारने की धमकी मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। यह धमकी उन्हें एक फोन कॉल के जरिए उस समय दी गई जब वो करगिल विजय दिवस पर द्रास में कल आयोजित एक कार्यक्रम में भाग ले रहे थे। मंत्री ने इसकी जानकारी झारखण्ड के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता को भी दी है। इस सम्बन्ध में मंत्री के निजी सचिव ने नयी दिल्ली में प्राथमिकी दर्ज कराई है। मंत्री को इससे पहले भी दिसंबर महीने में हत्या की धमकी मिली थी। मंत्री आज दोपहर दो बजे के करीब रांची एयरपोर्ट पहुंचेंगे और ईचागढ़ में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होंगे।

***************************

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय देवघर में सुपर कंप्यूटर सेंटर की स्थापना करेगा। इसकी स्थापना में 150 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इस सेंटर से प्रशिक्षण लेने के बाद युवा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की कंपनियों में नौकरी पा सकेंगे। देश में पुणे और बेंगलुरु में इस तरह के दो केंद्र पहले से कार्यरत हैं।

***************************

सावन की कल तीसरी सोमवारी है। इस दिन देवघर के बाबा मंदिर में जलाभिषेक के लिए चार लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। कल से ही बाबा नगरी में कांवरियों की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। जिला प्रशासन के अनुसार, श्रावणी मेले के 17वें दिन यानि कल दो लाख पचीस हजार से अधिक कांवरियों ने बाबा पर जलार्पण किया। तीसरी सोमवारी के सफल संचालन को लेकर जिले के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने दण्डाधिकारी और पुलिस अधिकारियों को विशेष दिशा–निर्देश दिए हैं। उपायुक्त ने कहा है कि सेवाभाव के साथ श्रावणी मेला के दौरान पुलिसकर्मियों को पूरी तरह से सजग रहना चाहिए।

**********************

पलामू जिले की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने अफीम तस्करों से मिलीभगत के आरोप में पिपराटांड़ थाने के प्रभारी राजवर्धन को निलंबित कर दिया है। लेस्लीगंज के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को इस पूरे मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं। इधर, पाकुड़ जिले से पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। जिले की पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के घर छापेमारी के दौरान नकद और वजन मापने की मशीन बरामद की गई है।

**********************

झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसाइटी, जेएसएलपीएस से जुड़ कर बोकारो जिले की हजारों महिलाएं अपने जीवन स्तर में बदलाव ला रहीं हैं।

**********************

पूर्व राष्ट्रपति और प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉक्टर ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती पर आज देश उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। डॉ. कलाम ने देश के अंतरिक्ष और मिसाइल कार्यक्रम में महत्वतपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्हें मिसाइल मैन के तौर पर भी जाना जाता है।

**********************

झारखण्ड की सीनियर महिला क्रिकेट टीम ने पुडुचेरी में खेले जा रहे इंटर स्टेट सीनियर महिला टी–20 टूर्नामेंट में अब तक खेले गए दोनों मैच जीत लिए हैं। पहले मैच में झारखण्ड ने हिमाचल प्रदेश को तेरह रन से, जबकि दूसरे मुकाबले में पुडुचेरी को चार विकेट से हरा दिया।

*******समाप्त***************